
# सदन चलाना विपक्ष की भी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, 12 अगस्त. संसद के बाहर और सदन में बुधवार को विपक्ष पर हमला बोलते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा से भाग रहा है. उन्होंने विपक्ष को उसकी जिम्मेदारी याद दिलाते हुए कहा कि संसद में केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि विपक्ष की भी जिम्मेदारी होती है.**



रिजिजू ने कहा कि विपक्ष को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सदन को चलने देना चाहिए और जनता से जुड़े मुद्दों पर गंभीर बहस में हिस्सा लेना चाहिए. रिजिजू ने विपक्ष के मौजूदा रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा के खिलाफ हर संभव कदम उठा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष नारेबाजी कर रहा है और सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है. उनका कहना था कि जब सरकार हर सवाल का जवाब देने और सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है, तो विपक्ष को चर्चा से बचने के बजाय अपनी बात सदन के भीतर रखनी चाहिए. संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि संसद लोकतांत्रिक चर्चा और संवाद का सबसे महत्वपूर्ण मंच है.

### विपक्ष पूरी तरह बेनकाब : पीयूष गोयल



संसद में जारी हंगामे के बीच केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अब जनता के सामने विपक्ष का पूरा रवैया उजागर हो चुका है. उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष पहले चर्चा की मांग करता है, लेकिन जब सरकार चर्चा के लिए तैयार होती है तो वह अपने रुख से पीछे हट जाता है और सदन की कार्यवाही बाधित करने लगता है. गोयल ने कहा कि सरकार लगातार विपक्ष के साथ संवाद और बातचीत के लिए तैयार है. सरकार चाहती है कि संसद में सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर चर्चा हो और सांसदों को अपनी बात रखने का अवसर मिले.

# कोविंद जी की जीवन यात्रा प्रेरणादायक : मोदी

**नई दिल्ली, 12 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ऑटोबायोग्राफी 'ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिक: माई लाइफ, माई स्ट्रगल्स' का विमोचन किया और उनके साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद किया. विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान उनके मार्गदर्शन और स्नेह की तारीफ की.**



उन्होंने कहा कि कोविंद की ऑटोबायोग्राफी भारतीय लोकतंत्र और समाज के लिए एक 'अनमोल विरासत' बनेगी. उन्होंने लोगों से उनकी जीवन यात्रा और देश के लिए उनके योगदान को समझने के लिए यह किताब पढ़ने की अपील की. पुस्तक के विमोचन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हमें रामनाथ कोविंद जी की ऑटोबायोग्राफी के लॉन्च का गवाह बनने का मौका मिला है. मैं कोविंद जी को बहुत लंबे समय से जानता हूं और मुझे उन्हें करीब से जानने का मौका मिला है. राष्ट्रपति के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान उनका गाइडेंस, साथ ही मेरे प्रति उनका खास प्यार और अपनापन, मेरे लिए सच में एक कीमती चीज रही है.

> पीएम मोदी ने कहा कि उनके जीवन की मेरी समझ और उनकी काबिलियत के बारे में मेरी जानकारी के आधार पर, मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि रामनाथ कोविंद जी की ऑटोबायोग्राफी भारतीय लोकतंत्र और समाज के लिए एक यादगार विरासत बनेगी. कोविंद जी के जीवन के सफर और समाज और देश के लिए उनके योगदान के बारे में मैं बहुत कुछ विस्तार से बोल सकता हूं. हालांकि, एक बुक लॉन्च इवेंट सिर्फ एक 'कर्टेन-रेजर' के तौर पर काम करना चाहिए; सबसे अच्छा होगा कि आप सभी खुद किताब पढ़कर इसका पूरा फायदा उठाएं.

# बठिंडा में 15 अगस्त को बम धमाकों की दी धमकी

- निगम, स्कूल और थाना सहित कई जगहें अलर्ट पर
- दिल्ली जाने वाली ट्रेन भी निशाने पर

**बठिंडा, 12 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले बठिंडा में धमकी भरे ईमेल ने पुलिस और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है. नगर निगम आयुक्त की आधिकारिक ईमेल पर बुधवार को भेजे गए संदेश में 15 अगस्त को शहर के कई संवेदनशील स्थानों पर अलग-अलग समय पर धमाके करने की चेतावनी दी गई है.**

इसमें नगर निगम कार्यालय और मेयर कार्यालय के साथ पुलिस थाना, स्कूल और अदालत परिसर को निशाना बनाने की बात कही गई है. ईमेल में धमकी देने वाले ने अलग-अलग स्थानों पर धमाके के लिए समय भी बताए हैं. संदेश के अनुसार सुबह 9:11 बजे एक पुलिस थाने, दोपहर 1:11 बजे एक स्कूल, 2:11 बजे अदालत परिसर और 3:11 बजे नगर निगम कार्यालय व मेयर कार्यालय में विस्फोट करने की चेतावनी दी गई है. धमकी भरे ईमेल में दिल्ली जाने वाली ट्रेन को भी निशाना बनाने की बात कही गई है. ईमेल भेजने वाले ने लोगों को ऐसी ट्रेन में सफर नहीं करने की चेतावनी दी है.

# सरकार ने कर्नाटक में गुटखा मसाला पर 1 साल का लगाया बैन

**बैंगलोर, 12 अगस्त.** कर्नाटक सरकार ने जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तंबाकू और निकोटिन युक्त गुटखा, पान मसाला समेत अन्य प्रतिबंधित उत्पादों पर पूरे राज्य में एक साल के लिए रोक लगा दी है. सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इस संबंध में 10 अगस्त 2026 को सरकारी अधिसूचना जारी की है. अधिसूचना जारी होने की तारीख से यह प्रतिबंध अगले एक साल तक पूरे कर्नाटक में लागू रहेगा. इसके तहत तंबाकू और/या निकोटिन युक्त गुटखा, पान मसाला और अन्य प्रतिबंधित उत्पादों के निर्माण, भंडारण, परिवहन, वितरण और बिक्री पर रोक रहेगी.

# हरियाली अमावस्या पर हरित संकल्प

## पेड़ लगाना ही नहीं, पेड़ों को बचाना भी हमारा संकल्प होना चाहिए : शिवराज

**नई दिल्ली, 12 अगस्त. हरियाली अमावस्या के अवसर पर देशभर में पर्यावरण संरक्षण का बड़ा संदेश दिया गया. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर वृक्ष मित्र परिवार द्वारा 31 राज्यों में 50 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया.**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाते हुए आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं, किसानों और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की.




प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान

दिल्ली के पीबीजी ग्राउंड, सेंट्रल रेंज, तालकटोरा स्टेडियम के समीप आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, अधिकारी और नागरिक शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत पौधों को जल अर्पित कर एवं वंदे मातरम् के साथ की गई. इसके बाद सामूहिक पौधारोपण किया गया. देशभर के गांवों, पंचायतों, संस्थानों और शहरों में भी लोगों ने उत्साह के साथ पौधे लगाए.

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हरियाली अमावस्या केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है. उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है.

# लोकायुक्त की नियुक्ति पर हाईकोर्ट ने दो सप्ताह में मांगी प्रगति रिपोर्ट

- रवि शंकर की याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई
- नियमावली के अनुसार किया जाएगा चयन

**नैनीताल, 12 अगस्त. उत्तराखंड में लंबे समय से रिक्त चल रहे लोकायुक्त के पद पर नियुक्ति को लेकर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के रुख पर सख्ती दिखाते हुए राज्य सरकार की ओर से दो सप्ताह में प्रगति रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं.**

नैनीताल के गौलापार निवासी रवि शंकर जोशी की ओर से वर्ष 2021 में दायर जनहित याचिका पर बुधवार को मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए पहले नियमावली तैयार की जानी है. इसी आधार पर लोकायुक्त एवं सदस्यों का चयन किया जाएगा. सरकार ने नियमावली तैयार करने के लिए अदालत से एक माह का समय मांगा. हाईकोर्ट ने हालांकि सरकार को एक माह का समय देने के बजाय दो सप्ताह के भीतर लोकायुक्त की नियुक्ति की दिशा में हुई प्रगति से अदालत को अवगत कराने के निर्देश दिए.

# रिहायशी इलाकों में कारोबार पर सुको सख्त

- पटना निगम से 26 हजार से ज्यादा मामले मिले
- सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को फटकारा

**नई दिल्ली, 12 अगस्त. देशभर में रिहायशी संपत्तियों का नियमों के विपरीत व्यावसायिक इस्तेमाल और अनधिकृत निर्माण अब सुप्रीम कोर्ट की सख्त निगरानी के दायरे में आ गया है.**

शीर्ष अदालत ने दिल्ली, पटना, लखनऊ समेत अन्य शहरों में नियमों का उल्लंघन कर रिहायशी इलाकों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों का पता लगाने के लिए व्यापक सर्वे कराने और उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई



के निर्देश दिए हैं. अदालत ने अधिकारियों को भी चेताया है कि नियमों का उल्लंघन होने की जानकारी के बावजूद कार्रवाई नहीं करने पर उनकी जवाबदेही तय की जाएगी. जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान रिहायशी इलाकों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर गंभीर चिंता जताई. पीठ ने दिल्ली के होटल और लखनऊ के कोचिंग सेंटर में हुई आग की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है. अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए प्रशासन को नियमों के उल्लंघन के मामलों में समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए. दिल्ली में लाजपत नगर और सरोजनी नगर बाजार में सर्वे का काम शुरू नहीं होने पर भी सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई. अदालत ने नौ जुलाई को नियमों की अनदेखी और इमारतों की मजबूती की जांच के लिए आईआईटी दिल्ली के दो प्रोफेसरों समेत विशेषज्ञों की समिति बनाने का निर्देश दिया था, लेकिन तय प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी. इस पर पीठ ने दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद से जवाब मांगा.

# आईएसआई जासूस राणा रऊफ बंगाल से गिरफ्तार

- इंडिया-बांग्लादेश सीमा को बनाया था ठिकाना
- 2012 में नेपाल के रास्ते देश में आया था रऊफ

**नई दिल्ली, 12 अगस्त। भारत-बांग्लादेश सीमा के पास नॉर्थ 24 परगना जिले के बोंगगांव से बुधवार (12 अगस्त) को एक पाकिस्तानी नागरिक को चरमपंथी होने के शक में गिरफ्तार किया गया है. एसटीएफ ने इस व्यक्ति को आईएसआई से जुड़े होने के शक में गिरफ्तार किया है.**

गिरफ्तार किए गए राणा रऊफ



जिसे वहाब आलम के नाम से भी जाना जाता है उसके पास से एक फर्जी आधार कार्ड बरामद हुआ है. राणा रऊफ के पास से वोटर आईडी समेत कई संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। इन फर्जी दस्तावेजों को तैयार करने के आरोप में टोपसिया से एक और संदिग्ध को गिरफ़्तार किया गया.

# हाई कोर्ट ने कड़कडडूमा कोर्ट से मांगा जवाब

**अंकित शर्मा केस हाईकोर्ट पहुंचा**

**06** आरोपियों को बरी होने के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने की अपील

**02** दोषी ने भी हाईकोर्ट में याचिका की दाखिल

**नई दिल्ली, 12 अगस्त। 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या का मामला दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने छह आरोपियों को बरी किए जाने के निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।**



उधर, इस साल 13 जुलाई को ट्रायल कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और 4 अन्य लोगों को अंकित शर्मा की हत्या का दोषी ठहराया था। अन्य आरोपियों में नाजिर, कासिम, जावेद और अनस शामिल हैं। बाद में 31 जुलाई को अदालत ने ताहिर हुसैन और चार अन्य दोषियों को इस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही, 6 अन्य लोगों को बरी कर दिया गया। बुधवार को दिल्ली पुलिस के वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि उन 6 लोगों को बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ अपील की जाएगी, जिन पर अंकित शर्मा की मौत के मामले में आरोप थे। वकील ने कहा, 'राज्य सरकार भी अपील कर रही है।

छह आरोपी ऐसे हैं, जिन्हें बरी कर दिया गया है। हम इस प्रक्रिया में हैं।' इसके बाद, हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस की याचिका पर छह बरी लोगों को नोटिस जारी करते हुए उनसे जवाब मांगा। वहीं, मामले में दोषी ठहराए गए दो लोगों नाजिम और कासिम ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

# कैग रिपोर्ट : झारखंड को 327 करोड़ का राजस्व घाटा

- 1.60 लाख करोड़ के खर्च का कोई हिसाब नहीं
- मनरेगा में 50 लाख से अधिक अधूरे पड़े काम

**रांची, 12 अगस्त। सरकारी योजनाओं और राजस्व व्यवस्था की निगरानी में चूक का खामियाजा राज्य को भुगतना पड़ रहा है. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की मंगलवार को विधानसभा के पटल पर रखी गयी रिपोर्ट में विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किये गये हैं.**

रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य में नियमों को दरकिनार कर 18 साल से कम उम्र के युवाओं को गियर वाली बाइक चलाने का लाइसेंस दे दिया गया. मनरेगा के पैसे से गाड़ियों की मरम्मत करायी गयी. पीएम आवास योजना में 6.32 लाख पात्र परिवारों को लक्ष्य नहीं मिला. जबकि, 2.90 लाख अपात्र लोगों के नाम लाभुक सूची में शामिल कर दिये गये. मनरेगा में 50 लाख से अधिक काम अधूरे पड़े हैं. रिपोर्ट में सीएजी की रिपोर्ट में परिवहन, वाणिज्य करऔर उत्पाद विभाग की व्यवस्था में कई स्तर पर खामियां चिह्नित की गयी हैं. वित्तीय प्रबंधन पर भी रिपोर्ट ने सवाल उठाये हैं. बताया गया है कि मार्च 2025 तक 1.60 लाख करोड़ से अधिक की राशि से जुड़े उपयोगिता प्रमाण-पत्र लंबित थे.

# मुंबई में पहाड़ी का हिस्सा गिरने से 7 की मौत

**मुंबई, 12 अगस्त। महाराष्ट्र के मुंबई में बुधवार तड़के कुर्ला (पश्चिम) के चिराग नगर में गौसिया चॉल पर पहाड़ी का हिस्सा गिरने से बड़ा हादसा हो गया. भूस्खलन के बाद हुए हादसे में अब तक 7 लोगों की मौत हुई है और कई लोगों के फंसे होने की आशंका है. घायलों को नजदीकी अस्पताल भेजा गया है.**



अधिकारी और बचाव दल फंसे हुए लोगों का पता लगाने और उन्हें बाहर निकालने के लिए काम कर रहे हैं. घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य जारी है. डीसीपी ने बताया कि कुर्ला में जमीन धंसने की घटना में कई लोगों की मौत हो गई है. कई एजेंसियों की बचाव टीमें मलबे के नीचे लोगों को खोजने के लिए खास 'विक्टिम-डिटेक्शन कैमरों' का इस्तेमाल करते हुए बड़े पैमाने पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं. बचाव कार्य जारी है और फायर ब्रिगेड की टीमें, पुलिस, एम्बुलेंस सेवाएं, एनडीआरएफ और बीएमसी वार्ड के कर्मचारी घटनास्थल पर मौजूद हैं. अब तक, घायलों को कुर्ला भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की जानकारी सुबह करीब 3:48 बजे मिली.डीसीपी गणेश शिंदे ने कहा, 'बारिश की वजह से घाटकोपर पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अशोकनगर इलाके में भूस्खलन हुआ है. अब तक दो शव बरामद किए गए हैं और बचाव अभियान जारी है.

### आज का इतिहास


- **1898 :** जार्ज डेवी के नेतृत्व में अमेरिकी सेना ने फिलिपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया.
- **1902 :** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से हराकर ओवल की जीत दर्ज की.
- **1913 :** इंग्लैंड के हैरी ब्रेअर्ली, शेफील्ड ने स्टेनलेस स्टील का आविष्कार किया.
- **1923 :** नवनिर्मित पोलिश बंदरगाह जिडायनिया पर पहला बड़ा समुद्री जहाज आया.
- **1923 :** गुस्ताव स्ट्रेसीमैन जर्मनी की चांसलर नियुक्त हुई तथा वेमर गणराज्य में गठबंधन सरकार का गठन हुआ.

# नशे में विमान उड़ा रहा था पायलट

## एयर इंडिया पायलट दूसरी जांच भी पॉजिटिव, गांजा मिला

**नई दिल्ली, 12 अगस्त. फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान एआई-2379 में चार अगस्त को हुई घटना की जांच के बीच मुख्य पायलट को लेकर गंभीर जानकारी सामने आई है. उड़ान के मुख्य पायलट की नशीले पदार्थों की पुष्टि करने वाली दूसरी जांच भी सकारात्मक आई है और उसमें गांजे के सेवन के संकेत मिले हैं.**

यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब उड़ान के दौरान विमान अचानक करीब 300 फीट नीचे चला गया था और 24 यात्री तथा चालक दल के सदस्य घायल हुए थे. दोनों पायलटों की अनिवार्य नशीले पदार्थों की जांच कराई गई थी. मुख्य पायलट की



पहली जांच में पुष्टि के लिए आगे की जांच की जरूरत बताई गई थी. इसके बाद नमूना निर्धारित प्रयोगशाला भेजा गया. अब सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि पुष्टि करने वाली जांच में भी गांजे के सेवन की रिपोर्ट सकारात्मक आई है.

### हस्तियों के ट्वीट



भारतीय अभिनेत्री, राजनीतिज्ञ,स्मृति ईरानी ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि देश के व्यापारियों ने तटस्थ रहकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल फाइनेंसियल ट्रांजेक्शन और यूपीआई सिस्टम को सशक्त बनाने के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाकर, सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 50 करोड़ से अधिक मुद्रा मिलोन्स के माध्यम से छोटे व्यापारियों, एम एसएमई, विशेष रूप से उद्योगों की शुरुआत करने वाले नागरिकों के सपनों को आज नई उड़ान मिली है।



केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल मगर लोग साथ आते गए और कारवाँ बनता गया हम यह भी कोशिश करेंगे कि पाँच वृक्ष मित्र और बनाएँगे। और उनसे कहेंगे कि वे पाँच और लोगों को प्रेरित करें। इस तरह पर्यावरण बचाने का एक बड़ा कारवाँ हमारा बनता चला जाएगा।

**तिरंगा यात्रा** | **भारत मंडपम से इंडिया गेट तक गूंजा देशभक्ति का स्वर**

# दिल्ली में एनडीए सांसदों ने निकाली 'तिरंगा' बाइक रैली

**नई दिल्ली, 12 अगस्त। 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले बुधवार को एनडीए सांसदों ने राजधानी दिल्ली में भारत मंडपम से इंडिया गेट तक एक भव्य 'तिरंगा' बाइक रैली निकाली। रैली के दौरान देशभक्ति के गीत और नारे गूंजते रहे। रैली के दौरान भाजपा सांसद मनोज तिवारी 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' गीत गाते नजर आए। इस मौके पर कई सांसदों और सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने तिरंगे के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।**



भाजपा दिल्ली अध्यक्ष और सांसद हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले शहीदों के सम्मान में पिछले पांच वर्षों से हर साल 'तिरंगा' यात्राएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा, 'पिछले 5 सालों से देश के लिए अपनी जान देने वालों के सम्मान में हर साल तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। भाजपा सांसद तरुण चुघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं के बढ़ते उत्साह का जिक्र करते हुए कहा, 'पीएम मोदी के नेतृत्व में युवा आज 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ आगे आए हैं। तिरंगा भारत का गौरव है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत एक विकसित देश बनने का संकल्प पूरा करेगा। केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, 'तिरंगा हमारा गौरव है और यह हमारी जान से भी ज्यादा कीमती है।'

# जंतर-मंतर सीजन 2 जल्द आएगा : दीपके

**नई दिल्ली, 12 अगस्त.** नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर जंतर-मंतर पर 37 दिन तक धरना प्रदर्शन करने वाली कॉकरोच जनता पार्टी ने एक बार फिर सड़क पर उतरने की तैयारी शुरू कर दी है. पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने बुधवार को छात्र आंदोलन की तर्ज पर जल्द नया प्रदर्शन शुरू करने का ऐलान किया. उन्होंने इसे 'जंतर-मंतर सीजन 2' नाम दिया है. दीपके ने कहा कि पार्टी अपने आंदोलन को आगे बढ़ाएगी और किसी भी तरह के दबाव के कारण पीछे नहीं हटेगी. बुधवार को दिल्ली में पार्टी के स्वयंसेवकों की बैठक आयोजित करने की योजना थी. इसके लिए एक सभागार की तलाश की जा रही थी.